**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4897**
**मंगलवार, 1 अप्रैल, 2025/11 चैत्र, 1947 (शक)को उत्तरार्थ**

## पीएसीएस का कम्प्यूटरीकरण

**4897. श्री सतपाल ब्रह्मचारीः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हरियाणा में विशेषकर सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के कितने सदस्य अब तक डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं;
(ख) पीएसीएस के डिजिटलीकरण और उन्हें कोर बैंकिंग प्रणाली (सीबीएस) से जोड़ने के लिए निर्धारित समय-सीमा का जिलावार ब्यौरा क्या है;
(ग) हरियाणा में पीएसीएस कम्प्यूटरीकरण परियोजना के लिए केन्द्र प्रायोजित परियोजना के अंतर्गत जिलावार कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई है;
(घ) उक्त परियोजना के अंतर्गत अब तक कितने प्रतिशत कार्य पूरे किए गए है;
(ङ) क्या सरकार ने वर्ष 2026-27 तक 63,000 पीएसीएस के डिजिटलीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है; और
(च) यदि हां, तो अब तक परियोजना के कार्यान्वयन का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
**(श्री अमित शाह)**

(क) राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD) पोर्टल के अनुसार हरियाणा राज्य में पैक्स से जुड़े सदस्यों की कुल संख्या 28,01,073 है । इसके अलावा, इस परियोजना के अधीन ePACS की ऑनबोर्डिंग द्वारा हरियाणा के सोनीपत जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अधीन पैक्स के कुल 1,56,011 सदस्य डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं ।

(ख) हरियाणा राज्य के सभी जिलों के पैक्स के डिजिटलीकरण और कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (CBS) के साथ लिंक करने की तय समयसीमा, इस परियोजना की समाप्ति की तारीख, अर्थात् 31 मार्च, 2027 है ।

(ग) हरियाणा में पैक्स कंप्यूटरीकरण की परियोजना के अधीन आबंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का राज्य-वार ब्योरा **संलग्नक- I** में दिया गया है ।

(घ) से (च): इस परियोजना के अधीन 30 राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों से 67,930 कार्यशील पैक्स के डिजिटलीकरण के प्राप्त प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया है और जैसा कि ऊपर वर्णित है, इस परियोजना की समाप्ति की तारीख, अर्थात् 31 मार्च, 2027 है ।

इस परियोजना की प्रगति के संबंध में, अब तक 60,382 पैक्स को हार्डवेयर डिलीवर किए गए और 50,455 पैक्स को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ERP) सॉफ्टवेयर पर ऑनबोर्ड किया गया । इसके अतिरिक्त, 32,084 पैक्स में डे-एंड प्रक्रिया शुरू हो गई है और 40,050 पैक्स डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गो-लाइव हो गए हैं। इस परियोजना के प्रगति का राज्य-वार ब्योरा **संलग्नक-II** पर संलग्न है ।

*****

**संलग्नक-I**

**हरियाणा में केंद्रीय प्रायोजित पैक्स कंप्यूटरीकृत परियोजना के अधीन आबंटित और उपयोग की गई निधि का राज्य-वार ब्योरा**

| **क्रम सं.** | **जिला** | **स्वीकृत पैक्स** | **आबंटित निधि (केंद्रीय + राज्य हिस्सेदारी)** | **जारी निधि (केंद्रीय + राज्य हिस्सेदारी)** | **उपयोग की गई राशि (केंद्रीय + राज्य हिस्सेदारी)** |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | अंबाला | 53 | 1,32,32,563 | 90,71,709 | 85,89,435 |
| **2** | भिवानी | 54 | 1,34,82,234 | 92,42,873 | 87,51,500 |
| **3** | फरीदाबाद | 18 | 44,94,078 | 30,80,958 | 29,17,167 |
| **4** | फतेहाबाद | 31 | 77,39,801 | 53,06,094 | 50,24,009 |
| **5** | गुरूग्राम | 29 | 72,40,459 | 49,63,765 | 46,99,880 |
| **6** | हिसार | 47 | 1,17,34,537 | 80,44,723 | 76,17,046 |
| **7** | झज्जर | 23 | 57,42,433 | 39,36,779 | 37,27,491 |
| **8** | जींद | 31 | 77,39,801 | 53,06,094 | 50,24,009 |
| **9** | कैथल | 42 | 1,04,86,182 | 71,88,901 | 68,06,722 |
| **10** | करनाल | 86 | 2,14,71,706 | 1,47,20,131 | 1,39,37,574 |
| **11** | कुरुक्षेत्र | 72 | 1,79,76,312 | 1,23,23,831 | 1,16,68,666 |
| **12** | महेंद्रगढ़ | 23 | 57,42,433 | 39,36,779 | 37,27,491 |
| **13** | पंचकुला | 10 | 24,96,710 | 17,11,643 | 16,20,648 |
| **14** | पानीपत | 32 | 79,89,472 | 54,77,258 | 51,86,074 |
| **15** | रेवाड़ी | 25 | 62,41,775 | 42,79,108 | 40,51,620 |
| **16** | रोहतक | 22 | 54,92,762 | 37,65,615 | 35,65,426 |
| **17** | सिरसा | 36 | 89,88,156 | 61,61,915 | 58,34,333 |
| **18** | सोनीपत | 34 | 84,88,814 | 58,19,587 | 55,10,204 |
| **19** | यमुनानगर | 42 | 1,04,86,182 | 71,88,901 | 68,06,722 |
| | **कुल** | **710** | **17,72,66,410** | **12,15,26,667** | **11,50,66,016** |

संलग्नक-II

**पैक्स कंप्यूटरीकरण परियोजना के अधीन हुई प्रगति का राज्य-वार ब्योरा**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | कंप्यूटरीकरण के लिए चयनित PACS | ERP पर ऑनबोर्ड किए गए पैक्स की सं. | ERP पर ऑनबोर्ड किए पैक्स का % | हार्डवेयर डिलिवर किए गए PACS की सं. | डिलीवर किए गए हार्डवेयर का % | डे-एंड | डे-एंड % | ERP - गो-लाइव | गो-लाइव का % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | महाराष्ट्र | 12,000 | 10,979 | 91% | 11,018 | 92% | 8,200 | 68% | 8,544 | 71% |
| **2.** | राजस्थान | 6,781 | 4,206 | 62% | 6,781 | 100% | 2,085 | 31% | 2,471 | 36% |
| **3.** | गुजरात | 5,754 | 5,249 | 91% | 5,754 | 100% | 2,165 | 38% | 3,080 | 54% |
| **4.** | उत्तर प्रदेश | 5,686 | 2,978 | 52% | 3,062 | 54% | 1,999 | 35% | 2,703 | 48% |
| **5.** | कर्नाटक | 5,491 | 2,077 | 38% | 5,491 | 100% | 81 | 1% | 89 | 2% |
| **6.** | मध्य प्रदेश | 4,536 | 4,516 | 100% | 4,534 | 100% | 3,244 | 72% | 4,502 | 99% |
| **7.** | तमिलनाडु | 4,532 | 4,529 | 100% | 4,532 | 100% | 4,523 | 100% | 4,528 | 100% |
| **8.** | बिहार | 4,495 | 4,440 | 99% | 4,477 | 100% | 4,171 | 93% | 4,285 | 95% |
| **9.** | पश्चिम बंगाल | 4,167 | 1,103 | 26% | 1,647 | 40% | 430 | 10% | 1,086 | 26% |
| **10.** | पंजाब | 3,482 | 1,720 | 49% | 3,456 | 99% | 160 | 5% | 444 | 13% |
| **11.** | आंध्र प्रदेश | 2,037 | 1,734 | 85% | 2,021 | 99% | - | 0% | 1,734 | 85% |
| **12.** | चंडीगढ़ | 2,028 | 2,010 | 99% | 2,028 | 100% | 1,934 | 95% | 1,999 | 99% |
| **13.** | हिमाचल प्रदेश | 1,789 | 836 | 47% | 870 | 49% | 317 | 18% | 650 | 36% |
| **14.** | झारखंड | 1,500 | 1,467 | 98% | 1,500 | 100% | 1,380 | 92% | 1,465 | 98% |
| **15.** | हरियाणा | 710 | 617 | 87% | 710 | 100% | 54 | 8% | 517 | 73% |
| **16.** | उत्तराखंड | 670 | 185 | 28% | 670 | 100% | 185 | 28% | 185 | 28% |
| **17.** | असम | 583 | 580 | 99% | 583 | 100% | 252 | 43% | 561 | 96% |
| **18.** | जम्मू और कश्मीर | 537 | 531 | 99% | 537 | 100% | 523 | 97% | 528 | 98% |
| **19.** | त्रिपुरा | 268 | 245 | 91% | 268 | 100% | 74 | 28% | 239 | 89% |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **20.** | मणिपुर | 232 | 45 | 19% | - | 0% | 42 | 18% | 42 | 18% |
| **21.** | नागालैंड | 231 | 33 | 14% | 33 | 14% | 2 | 1% | 32 | 14% |
| **22.** | मेघालय | 112 | 103 | 92% | 109 | 97% | 100 | 89% | 102 | 91% |
| **23.** | सिक्किम | 107 | 107 | 100% | 107 | 100% | 34 | 32% | 105 | 98% |
| **24.** | गोवा | 58 | 35 | 60% | 50 | 86% | 16 | 28% | 32 | 55% |
| **25.** | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 46 | 46 | 100% | 46 | 100% | 46 | 100% | 46 | 100% |
| **26.** | पुड्डुचेरी | 45 | 37 | 82% | 45 | 100% | 37 | 82% | 37 | 82% |
| **27.** | मिजोरम | 25 | 25 | 100% | 25 | 100% | 20 | 80% | 24 | 96% |
| **28.** | अरुणाचल प्रदेश | 14 | 11 | 79% | 14 | 100% | 1 | 7% | 11 | 79% |
| **29.** | लद्दाख | 10 | 9 | 90% | 10 | 100% | 9 | 90% | 9 | 90% |
| **30.** | दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 4 | 2 | 50% | 4 | 100% | - | 0% | - | 0% |
| | **कुल** | **67,930** | **50,455** | **74%** | **60,382** | **89%** | **32,084** | **47%** | **40,050** | **59%** |